Title: Sanction of projects for construction of new national highways and allocate funds for maintenance of the existing highway in Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : मान्यवर, मेरा आपके माध्यम से निवेदन यह है कि इस समय राजस्थान देश का क्षेत्रफल की दृटि से सबसे बड़ा राज्य है। इसलिए राट्रीय राजमार्ग बनाए जाने के राजस्थान के कई प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास विचाराधीन हैं। मेरा आग्रह है कि इस प्रकार के जो भी प्रस्ताव विचाराधीन हैं उन्हें शीघ्र स्वीकृति प्रदान करें और फिर धनराशि भी दें ताकि उनका निर्माण हो सके। मेरा यह निवेदन भी है कि जो राट्रीय राजमार्ग राजस्थान में आलरेडी हैं, उनके रख-रखाव के लिए भारत सरकार राज्य सरकार को पैसा दे ताकि उनका भली प्रकार रख रखाव किया जा सके। मैं समझता हूं मान्यवर कि मेरी ये दो बहुत छोटी-छोटी मांग हैं इन्हें स्वीकार किया जाए और मुझे आशा है कि मेरी इन मांगों को केन्द्र सरकार शीघ्र स्वीकार करेगी।